# लोक शिक्षण संचालनालय म. प्र. भोपाल (म.प्र.)

# राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण - 2021

## प्रैक्टिस पेपर – II

## विषय – हिंदी

## कक्षा -10

विघार्थियों के लिए निर्देश :

1. इस पुस्तिका में 70 प्रश्न हैं |
2. इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए 120 मिनिट का समय निर्धारित है |
3. प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प A , B, C, D हैं इनमें से केवलएक ही सही उत्तर है | आपको सही उत्तर का चयन करना है |
4. विघार्थी रफ कार्य इसी पुस्तिका में कर सकते हैं |

**1** चित्र में दिखाए गए पक्षी का नाम चुनें।



A सारस

B मोर

C शुतुरमुर्ग

D हंस

**2** किस व्यक्ति का काम गाड़ी चलाने वाले के **समान** होता है?

A धोबी

B विमानचालक

C वैज्ञानिक

D वकील

**3** वाक्य को पूरा करने के लिए सही वर्तनी वाला शब्द चुनें।

हम शब्दों के अर्थ ________________ में खोजते हैं।

A शबदकौश

B शब्दकोश

C शब्दकोस

D शब्दकौस

**4** नीचे दिए शब्दों के जोड़ों में से कौन-सा जोड़ा **विलोम शब्दों** का है?

A अल्प - कमी

B मुनाफ़ा - लाभ

C उभारना - चढ़ाना

D विविधता - समानता

**5** वाक्य में दिए रेखांकित शब्दों में से किसका अर्थ "असली" से मिलता है?

यद्यपि मूर्ति <u>नकली</u> थी, परन्तु वह <u>अमूल्य</u> , <u>विशुद्ध(खरी</u> ), <u>प्राचीन</u> नज़र आती थी...

A नकली

B अमूल्य

C विशुद्ध (खरी)

D प्राचीन

**6** नीना ने एक शाम को जो भी काम किए, वे नीचे दिए गए हैं।

इनमें से वह विकल्प चुनें, जो नीना द्वारा किए गए कामों का सही क्रम दिखा रहा है।

| | |
|---|---|
| 1. | **उसने अपने कपड़े बदले।** |
| 2. | **उसने कमरे की बत्ती बुझाई।** |
| 3. | **नीना बहुत थकी हुई थी।** |
| 4. | **वह बिस्तर पर आकर लेटी और सो गई।** |

A 3-1-4-2

B 3-2-4-1

C 3-1-2-4

D 3-4-1-2

**7** अभियोगपत्र का अर्थ है ________

A किसी आरोप का प्रमाणीकरण

B किसी आरोप का परिणाम

C किसी आरोप की निन्दा

D किसी आरोप पर विचार

**8** खरगोश ने कहा, "यह पँचरंगा है।"

'पँचरंगा' शब्द से आप क्या समझते हैं?

A पाँच की संख्या वाला

B पाँच रंगों वाला

C पाँच अंगों वाला

D पाँच कोनों वाला

**9** वाक्य में रेखांकित मुहावरे की जगह कौन-सा वाक्यांश सबसे उचित रहेगा?

फिल्म के मुफ्त टिकट मिलना ही काफ़ी अच्छा था, पर उसके बाद मुफ्त का खाना तो जैसे <u>सोने पर सुहागा</u> था।

A बहुत भारी

B एक और लाभ

C बहुत महंगा

D बहुत स्वादिष्ट

**10** दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनें।

मेरी कक्षा में पढ़नेवाले जुड़वा भाई कितने अलग हैं। छोटा भाई बहुत ही ____________ है, जबकि बड़ा भाई **चंचल** है।

A होशियार

B स्नेहशील

C चालाक

D गंभीर

**11** दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनें।

नौकर मेरे दादाजी के लिए काम नहीं करना चाहते क्योंकि जब भी वे घर छोड़कर जाते हैं, तो मेरे दादाजी उनकी थैलियों की जाँच यह पता लगाने के लिए करते हैं कि उन्होंने कुछ चुराया तो नहीं। इससे यह कहा जा सकता है कि मेरे दादा जी __________ है।

A सत्यवादी

B शर्मनाक

C शक्तिशाली

D संदेही

**12** दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनें।

अदा को पहले लगा कि यह चाबी हॉल___________किसी दरवाज़े की है|

A के

B में

C से

D ने

**13** दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनें।

जब सूरज की किरणें ओस की बूंदों पर गिरीं, तो वे ___________।

A दमकेंगी

B दमकने लगीं

C दमकती थीं

D दमक रही हैं

**14** 'अवांछित' के सामान अर्थ वाला शब्द चुनें।

A अद्भुत

B अदृश्य

C अनदेखा

D अनचाहा

**15** नीचे लिखे वाक्य के किस भाग में गलती है?

जब मैं स्कूल जाने वाला हूँ, तब अपने मित्र को मिठाई दे दूँगा।


A जब

B मैं स्कूल जाने वाला हूँ

C तब अपने मित्र को

D मिठाई दे दूँगा

**16** एक ऐसा विकल्प चुनें जिसे नीचे दिए गोले में रखने से (सभी शब्दों के पहले रखने से) नए सार्थक शब्द बनाए जा सकते हैं।




**A** निर्

**B** उप

**C** वि

**D** प्र

**17** दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनें।

उसने सोने की चाबी को ताले में ______________, और उसकी ख़ुशी की कोई सीमा नहीं रही जब वह ताला खुल गया।

**A** लगवाया था

**B** लगाई

**C** लगाया

**D** लगाना था

**18** उसका <u>मूल</u> तर्क है कि, सभी प्राणी, चाहे कीड़े हों या मनुष्य, जीने का अधिकार रखते हैं।

रेखांकित शब्द के सामान अर्थ वाला शब्द चुनें।

**A** मज़बूत

**B** बुनियादी

**C** वास्तविक

**D** सम्पूर्ण

**19** नीचे दिए गए वाक्यों में से किस वाक्य में रेखांकित शब्द का सही प्रकार प्रयोग हुआ है?

**A** वह एक हाथ में दो से अधिक <u>कटोरी</u> नहीं पकड़ पाया।

**B** कृपया इन छः <u>बाल्टियों</u> में पानी भर दीजिए।

**C** तुम्हारी कितनी <u>उँगली</u> हैं?

**D** क्या तुम सब अपने <u>डिब्बा</u> अभी खोल सकते हो?

**20** नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़ें।

मेरे माता-पिता की यही <u>कामना</u> है कि मैं बड़ा होकर डॉक्टर बनूँ।
मेरी एक ही <u>अभिलाषा</u> है कि भगवान मुझे एक बड़ी-सी गाड़ी दिला दें।
मेरे दादाजी की यही <u>लालसा</u> है कि वे जल्दी-से-जल्दी मेरी शादी देख लें।

अब वह शब्द चुनिए जो तीनों रेखांकित शब्दों के स्थान पर उपयोग हो सकता है।

A इच्छा

B आशीर्वाद

C कृपा

D अच्छा

**21** **जन्मांध** का समास विग्रह होता है - जन्म से अँधा। इनमे से कौन से शब्द का समास विग्रह सामान होगा।

A पीताम्बर

B ब्रह्मपुत्र

C ऋणमुक्त

D नीलकंठ

**22** दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनें।

उन यात्रियों को गाँव के दूसरी तरफ पहुँचने के लिए एक घने जंगल ___________ गुज़रना पड़ा।

A में

B के ऊपर

C के अंदर

D से

**23** दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनें।

जैसे ही शिकारियों ने गोली चलाई, शेर _______ भाग कर छिप गया।

A तुरंत

B आराम से

C अचानक

D डर

**24** खाली स्थान के लिए उचित शब्द चुनें।

हाँ, मैं इस शहर में पिछले आठ सालों _____ रह रहा हूँ। मैं जून 1997 _____ यहाँ आया था।

A में, से

B बाद, में

C से, में

D में, बाद

**25** दिए गए वाक्य को अप्रत्यक्ष कथन के रूप में कैसे लिखा जाएगा?

रेजीन होक ने कहा, 'स्पष्ट संदेश यह है कि पूरे विश्व में ग्लेशियरों का भार काफ़ी घटेगा।

A रेजीन होक ने पूरे विश्व में ग्लेशियरों का भार घटने की स्पष्ट चेतावनी दे दी थी।

B रेजीन होक ने स्पष्ट संदेश दिया था कि पूरे विश्व में ग्लेशियरों का भार काफ़ी घटा है।

C रेजीन होक ने स्पष्ट संदेश दिया कि पूरे विश्व में ग्लेशियरों का भार काफ़ी घटने वाला है।

D रेजीन होक ने संदेश दिया कि पूरे विश्व में ग्लेशियरों का भार काफ़ी स्पष्ट रूप से घटता रहेगा।

**26** दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनें।

लगता है अनाज के दाने कुछ दिनों में खराब ________।

A होने वाले हैं

B होते हैं

C हो रहे हैं

D हो गए हैं

**27** भारत सरकार ने भी खज़ाने को खूब खोजा, पर कुछ हाथ न लगा-

वाक्य एक संयुक्त वाक्य है, इसे बिना अर्थ बदले सरल वाक्य में कैसे लिखा जा सकता है?

A भारत सरकार द्वारा खज़ाने को खूब खोजा गया लेकिन कुछ नहीं मिला।

B भारत सरकार ने खज़ाने को खोजने की कोशिश की मगर असफल रही।

C भारत सरकार खोजती रही खज़ाने को खूब, परन्तु कुछ कर नहीं सकी।

D भारत सरकार द्वारा भी खज़ाने को खोजने की कोशिश असफल रही।

**28** तुम्हें और मेहनत करनी होगी; ________ तुम्हें निकाल दिया जाएगा।

A फिर भी

B इसलिए

C नहीं तो

D परंतु

**29** दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए सही विकल्प चुनें।

'अरे! इतना सुन्दर चित्र __________बनाया?' सौरभ ने पूछा।

A क्या

B कौन

C किसने

D किनने

**30** वह विकल्प चुनें जो दिए गए वाक्यों को सही तरीके से जोड़ता हो।

श्रोताओं को अपने भाषण से प्रभावित करने के लिए यह ज़रूरी है कि वह व्यक्ति विद्वान हो।

A यदि वह विद्वान नहीं होगा, तो श्रोताओं को अपने भाषण से प्रभावित नहीं कर पाएगा।

B यदि वह श्रोताओं को अपने भाषण से प्रभावित नहीं कर सका, तो वह विद्वान नहीं कहलाएगा।

C यदि वह श्रोताओं को प्रभावित करने के लिए अच्छा भाषण नहीं देगा, तो वह विद्वान नहीं होगा।

D यदि वह विद्वान नहीं होगा, तो वह अपने भाषण को श्रोताओं से प्रभावित नहीं कर पाएगा।

**31** दिए गए वाक्य को पूरा करने के लिए सही शब्द चुनें।

उस लड़के ने बस में ________ पैसे खो दिए।

A उस

B इस

C अपने

D उसको

**32** वह वाक्य चुनें जिसमें विराम चिन्ह की **गलती ना** हो।

A वक्ता ने कहा, "बस को, पहाड़ पर चढ़ने में 5 घंटे लगे।"

B वक्ता ने कहा, "बस को पहाड़ पर चढ़ने में, 5 घंटे लगे।"

C वक्ता ने कहा, "बस को पहाड़, पर चढ़ने में 5 घंटे लगे।"

D वक्ता ने कहा, "बस को पहाड़ पर चढ़ने में 5 घंटे लगे।"

**33** रमेश ने चलती गाड़ी में एक आदमी पर <u>हाथ साफ़ कर दिया</u> ।

रेखांकित मुहावरे का अर्थ यहाँ होगा ____________________।

सही विकल्प चुनें।

A हाथ धुलवा दिए

B थप्पड़ मार दिया

C हाथ का जादू दिखाया

D सारा सामान चुरा लिया

**34** वह विकल्प चुनें जो दिए गए वाक्यों को सही तरीके से जोड़ता हो।

दोनों दुकान में गए। वहाँ उन्होंने एक कुर्ता देखा। उन्होंने कुर्ते का दाम पूछा और पैसे देकर वह कुर्ता खरीद लिया।

A उन दोनों ने, दुकान में जाकर एक कुर्ता, देखा उसका दाम पूछा और पैसे देकर वह कुर्ता खरीद लिया।

B उन दोनों ने दुकान में, जाकर एक कुर्ता देखा, उसका दाम पूछा, और पैसे देकर वह कुर्ता खरीद लिया।

C उन दोनों ने दुकान में जाकर एक कुर्ता देखा उसका दाम पूछा, और पैसे देकर वह कुर्ता खरीद लिया।

D उन दोनों ने दुकान में जाकर एक कुर्ता देखा, उसका दाम पूछा और पैसे देकर वह कुर्ता खरीद लिया।

**गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नो का उत्तर दें।**

एक लड़की रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी का इंतज़ार कर रही थी। समय बिताने के लिए उसने एक किताब खरीदी। किताब के साथ उसने बिस्कुट का एक पैकेट भी खरीदा। फिर उसने रेलवे स्टेशन के मुख्य भवन में एक जगह ढूँढी जहाँ बैठकर वह शांति से किताब पढ़ सके।

पास ही एक आदमी बैठकर अखबार पढ़ रहा था। उन दोनों के बीच में एक कुर्सी थी जिस पर बिस्कुट का पैकेट रखा हुआ था। जब लड़की ने पहला बिस्कुट लिया, तो उस आदमी ने भी एक बिस्कुट लिया। इस बात पर लड़की को बहुत आश्चर्य हुआ, पर उसने कुछ नहीं कहा और अपनी किताब पढ़ती रही। मन ही मन उसने सोचा, "विश्वास नहीं होता! अगर मुझमें थोड़ी हिम्मत होती, तो मैं इस आदमी को ज़रूर टोकती।"

जब भी लड़की एक बिस्कुट लेती, वह आदमी भी एक बिस्कुट लेता। यह सिलसिला चलता रहा और अंततः पैकेट में केवल एक ही बिस्कुट बचा। लड़की ने इंतज़ार किया। वह सोच रही थी कि अब यह आदमी क्या करेगा। उस आदमी ने आखरी बिस्कुट उठाया, उसके दो आधे- आधे हिस्से किए और एक हिस्सा लड़की को दे दिया।

हैरान होकर उस लड़की ने किताब अपने झोले में पटकी और गुस्से में वहाँ से उठकर चली गई। मुख्य भवन के दूसरे छोर पर उसे बैठने के लिए एक और जगह मिली। वहाँ बैठकर उसने अपने आप को शांत किया। गुस्सा ठंडा होने के बाद उसने किताब निकालने के लिए अपने झोले में हाथ डाला। तब उसे ध्यान आया कि उसने जो बिस्कुट का पैकेट खरीदा था, वह तो अब भी उसके झोले में ही पड़ा हुआ है।

**35** कहानी की शुरुआत में लड़की क्या कर रही थी?

**A** वह रेलवे स्टेशन पर इंतज़ार कर रही थी।

**B** वह रेलवे स्टेशन से जाने वाली थी।

**C** वह रेलवे स्टेशन पर एक आदमी से बात कर रही थी।

**D** वह रेलवे स्टेशन पर अखबार खरीद रही थी।

---

**36** कहानी के बीच में लड़की मन ही मन सोचती है, "विश्वास नहीं होता!"

लड़की को किस बात पर विश्वास नहीं हो रहा था?

**A** कि उसमें हिम्मत नहीं थी

**B** कि एक अजनबी उससे पूछे बिना बिस्कुट ले रहा था

**C** कि वह किताब पढ़ने पर ध्यान नहीं दे पा रही थी

**D** कि उस अजनबी ने उससे वार्तालाप करने की कोशिश नहीं की

---

**37** कल्पना कीजिए कि कहानी जहाँ खत्म होती है, उसके कुछ क्षणों बाद उस लड़की और उस अजनबी की फिर मुलाक़ात होती है। वह लड़की उस आदमी से क्या कह सकती है?

**A** धन्यवाद, मैं थोड़े और बिस्कुट खाना पसंद चाहती हूँ।

**B** क्षमा कीजिए, मैंने आपको मेरे बिस्कुट नहीं दिए।

**C** धन्यवाद, आप कहाँ जा रहे हैं?

**D** मैं माफ़ी चाहती हूँ कि मैंने आपके साथ बुरा व्यवहार किया।

---

**38** लड़की को अपनी गलती का एहसास कब हुआ?

**A** जब उसने अपने बैठने की जगह बदली।

**B** जब वह उस आदमी से एक कुर्सी की दूरी पर बैठी हुई थी।

**C** जब उसे बिस्कुट का पैकेट अपने झोले में मिला।


**D** जब वह किताब पढ़ रही थी।

**गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नो का उत्तर दें।**

यदि हम ज़्यादा देर तक और ज़्यादा ज़ोर लगाकर मंजन करें, तो क्या हमारे दाँत ज़्यादा साफ हो जाएँगे?

ब्रिटिश शोधार्थी कहते हैं कि ऐसा ज़रूरी नहीं है। उन्होंने विभिन्न प्रयोग करने के बाद मंजन करने का सबसे सही तरीका ढूँढ निकाला है। दो मिनट के लिए, अधिक ज़ोर न लगाते हुए मंजन किया जाए तो सर्वोत्तम परिणाम मिलते हैं। अधिक ज़ोर लगाने से दाँतों की ऊपरी परत और मसूड़ों को नुकसान हो सकता है जबकि दाँतों में फँसे मैल और अन्न के कणों पर इसका कोई असर नहीं होता।

मंजन करने की विशेषज्ञ बेनते हेंसन का कहना है की दाँतों के ब्रश को कलम की तरह पकड़ना चाहिए। वे कहती हैं, "एक कोने से शुरू करें और फिर दाँतों की पूरी पंक्ति का मंजन करें। अपनी जीभ को भी न भूलें! जीभ पर बहुत सारे जीवाणु हो सकते हैं जो साँस में बदबू पैदा करते हैं।"



**39** यह लेख किस विषय पर है?

A दंत मंजन करने का सबसे अच्छा तरीका।

B दाँतो के लिए सबसे अच्छा ब्रश चुनना।

C अच्छे दाँतों का महत्तव।

D मंजन करने के विभिन्न तरीके।

**40** ब्रिटिश शोधार्थी क्या राय देते हैं?

A जितनी बार हो सके मंजन करना चाहिए।

B जीभ पर मंजन करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

C मंजन करते समय दाँतों को ज़्यादा ज़ोर से नहीं घिसना चाहिए।

D दाँतों से ज़्यादा, जीभ की सफाई करने पर ध्यान देना चाहिए।

**41** बेनते हेंसन के अनुसार, हमें अपनी जीभ क्यों साफ रखनी चाहिए?

A मंजन करते हुए वक्त बचाने के लिए।

B साँस की बदबू हटाने के लिए।

C दाँतों की परत से गिरे हुए टुकड़े हटाने के लिए।

D स्पष्ट तरीके से बोलने के लिए।

**42** गद्यांश में "कलम" का उल्लेख क्यों किया गया है?

A यह समझाने के लिए कि ब्रश कैसे पकड़ना चाहिए।

B क्योंकि कलम और ब्रश, दोनों का प्रयोग एक कोने से किया जाता है।

C यह दर्शाने के लिए कि मंजन करने के कई तरीके होते हैं।

D क्योंकि मंजन करना भी उतना ही गंभीर विषय है जितना कि लेखन।

---

**गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नो का उत्तर दें।**

जब तक कि जतिन मेरे परम मित्र सुधांशु के पड़ोस में आकर नहीं रहने लगा था, तब तक गर्मी के दिन बड़े शानदार थे। मुझे जतिन पसंद नहीं था। उसके यहाँ दावत थी जिसमें उसने सुधांशु को निमंत्रण दिया था, पर मुझे नहीं।

जब तक जतिन हमारे पड़ोस में नहीं आया था तब तक मेरे जीवन में कोई शत्रु नहीं था। पिताजी ने मुझसे कहा की जब वे मेरी उम्र के थे तब उनके भी कुछ दुश्मन हुआ करते थे, पर उनको दुश्मनों से पीछा छुड़ाने का तरीका मालूम था।

पिताजी ने खाना बनाने की किताब से एक पुराना कागज़ का टुकड़ा निकाला।

“शत्रु हलवा”, उन्होंने संतुष्ट स्वर में कहा।

आप सोच रहे होंगे की आखिर यह शत्रु हलवा होता क्या है? पिताजी ने कहा की उसे बनाने की विधि इतनी गुप्त है कि वे मुझे भी नहीं बता सकते। मैंने उनसे बहुत विनती की, कि वे मुझे इस बारे में कुछ तो बताएँ।

“मैं तुम्हें इतना बता सकता हूँ, दिनेश”, उन्होंने मुझसे कहा,“कि शत्रु हलवा दुश्मनों से पीछा छुड़ाने का सबसे अच्छा तरीका है।“

यह सुनकर मैं सोच में पड़ गया। मैं शत्रु हलवे में किस तरह की घिनौनी चीज़ें डाल सकता हूँ? मैं पिताजी के पास केंचुए और कंकड़ लेकर गया, लेकिन उन्होंने वे तुरंत वापिस कर दिए।

मैं बाहर खेलने चला गया। पूरा समय मेरा ध्यान रसोई से आने वाली आवाज़ों की तरफ था जहाँ मेरे पिताजी शत्रु हलवा बनाने में जुटे हुए थे। शायद इस बार भी गर्मी के दिन शानदार ही रहेंगे।

मैंने अनुमान लगाने की कोशिश की, कि शत्रु हलवा कितना बदबूदार होगा। लेकिन मुझे तो बहुत ही अच्छी खुशबू आ रही थी। जहाँ तक मुझे समझ आ रहा था, यह खुश्बू हमारी ही रसोई से आ रही थी। मैं असमंजस में पड़ गया।

मैंने अंदर जाकर पिताजी से पूछा कि क्या गड़बड़ है? शत्रु हलवे की महक इतनी अच्छी नहीं होनी चाहिए। लेकिन पिताजी बहुत चतुर थे। “अगर यह बदबूदार हुआ तो तुम्हारा शत्रु इसे कभी नहीं खाएगा”, उन्होंने कहा। मैं समझ गया कि उन्होंने यह हलवा पहले भी ज़रूर बनाया है।

हलवा तैयार होने के बाद पिताजी ने उसका ढक्कन हटाया। यह तो बहुत ही स्वादिष्ट दिख रहा था! धीरे-धीरे मुझे बात समझ आने लगी।

लेकिन फिर भी, मैं समझ नहीं पा रहा था कि यह शत्रु हलवा काम कैसे करेगा? इसका दुश्मनों पर क्या असर होगा? शायद उनके बाल झड़ने लगेंगे या फिर उनकी साँस से बदबू आने लगेगी। मैंने पिताजी से पूछा लेकिन उन्होंने मुझे कुछ नहीं बताया।

जब हलवा ठंडा हो रहा था, तब पिताजी ने मुझे मेरी भूमिका समझाई।

वे मेरे कान में फुसफुसाए,“इसका असर होने के लिए तुम्हें अपने शत्रु के साथ एक दिन बिताना पड़ेगा। उससे भी बदतर, तुम्हें उसके साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। यह आसान नहीं है। लेकिन शत्रु हलवे को असरदार बनाने का यही एक तरीका है। क्या तुम अब भी यह करना चाहते हो?”

यह भी कोई पूछने के बात थी? मैं तैयार था।

बस मुझे एक दिन जतिन के साथ बिताना होगा और फिर हमेशा के लिए उससे पीछा छूट जाएगा। मैं अपनी साइकिल लेकर उसके घर गया और दरवाज़ा खटखटाया। जब जतिन ने दरवाज़ा खोला तो उसे आश्चर्य हुआ।

“क्या तुम बाहर आकर खेल सकते हो?”, मैंने पूछा।

वह दुविधा में पड़ गया। “मैं अपनी माँ से पूछ कर आता हूँ”, उसने कहा। वह अपने जूतों के साथ वापिस आया।

हमने कुछ देर साइकिल चलाई और फिर दोपहर का भोजन किया। भोजन के बाद हम मेरे घर गए।

विचित्र बात थी,पर मुझे मेरे शत्रु के साथ मज़ा आ रहा था। लेकिन यह बात मैं अपने पिताजी को नहीं बता सकता था क्योंकि उन्होंने शत्रु हलवा बनाने में इतनी मेहनत की थी।

रात के भोजन के समय तक हम खेलते रहे।

पिताजी ने मेरा पसंदीदा खाना बनाया था। वह जतिन का भी मनपसंद भोजन था। शायद जतिन इतना बुरा नहीं था। मैं सोच रहा था कि शायद हमें शत्रु हलवे के बारे में भूल जाना चाहिए।

“पिताजी”, मैंने कहा,“नए मित्र बनाकर कितना अच्छा लगता है!“ मैं उन्हें बताने की कोशिश कर रहा था कि जतिन अब मेरा शत्रु नहीं रहा था। लेकिन पिताजी ने अपना सिर हिलाया और मेरी तरफ देखकर मुस्कुराए। उन्हें लग रहा होगा कि मैं नाटक कर रहा हूँ।

भोजन के बाद पिताजी ने हलवा बाहर निकाला। उन्होंने तीन कटोरियाँ लीं, एक मुझे दी, और एक जतिन को।

“वाह!”,जतिन ने हलवा देखकर कहा।

मैं घबरा गया। मैं नहीं चाहता था कि जतिन शत्रु हलवाखाए। वह मेरा मित्र था।

“इसे मत खाओ!”, मैं चिल्लाया। “यह खराब है!”

जतिन का चम्मच उसके मुँह तक पहुँचने से पहले रुक गया। उसने मुझे अजीब तरीके से देखा। मेरी चिंता दूर हुई – मैंने उसकी जान बचा ली थी।

“अगर यह इतना खराब है”,जतिन ने पूछा,“तो तुम्हारे पिताजी ने आधा हलवा कैसे खत्म किया?”

सच में, पिताजी तो शत्रु हलवा खा रहे थे।

“बढ़िया है”, पिताजी ने कहा। मैं वहाँ बैठकर उनको खाते हुए देखता रहा। किसी के बाल नहीं झड़ रहे थे। सब ठीक लग रहा था, तो मैंने भी थोड़ा हलवा चखा। बहुत ही स्वादिष्ट था।

हलवा खाने के बाद जतिन ने मुझे अगली सुबह अपने घर आने का आमंत्रण दिया।

जहाँ तक शत्रु हलवे का सवाल है, मुझे अब भी वह बनाना नहीं आता। मैं यही सोचता हूँ कि क्या वाकई दुश्मनों को वह नापसंद होता है? क्या उनके बाल झड़ने लगते हैं? या फिर उनकी साँस से बदबू आती है? पता नहीं अब मुझे इन सवालों का कभी जवाब मिलेगा भी या नहीं, क्योंकि मैंने अब अपना सबसे अच्छा शत्रु खो दिया है।

---

**43** यह कहानी कौन सुना रहा है?

**A** जतिन

**B** पिताजी

**C** सुधांशु

**D** दिनेश

---

**44** "शायद इस बार भी गर्मी के दिन शानदार ही रहेंगे।"

दिनेश को क्यों लगा कि इस बार भी गर्मी के दिन शानदार रहेंगे?

**A** उसे बाहर खेलना पसंद था।

**B** उसे पिताजी की योजना से बहुत उम्मीद थी।

**C** उसने एक नया दोस्त बनाया था।

**D** उसको शत्रु हलवा चखना था।

---

**45** दिनेश, जतिन के घर क्यों गया?

**A** जतिन को भोजन का आमंत्रण देने के लिए।

**B** जतिन से यह कहने के लिए, कि वह सुधांशु से दूर रहे।

**C** जतिन के साथ खेलने के लिए।

**D** जतिन को अपना मित्र बनाने के लिए।

---

**46** रात के भोजन के समय दिनेश को ऐसा क्यों लगा कि उसे और उसके पिताजी को शत्रु हलवे के बारे में भूल जाना चाहिए?

**A** दिनेश को जतिन के साथ हलवा बाँट कर नहीं खाना था।

**B** दिनेश को लग रहा था कि शत्रु हलवा काम नहीं करेगा।

**C** दिनेश को जतिन पसंद आने लगा था।

**D** जतिन, शत्रु हलवे को एक राज़ बनाए रखना चाहता था।

**47** पिताजी ने शत्रु हलवे के बारे में कौन-सी बात गुप्त रखी?

**A** वह सामान्य हलवे के जैसा ही था।

**B** उसका स्वाद बहुत खराब था।

**C** वह उनका पसंदीदा व्यंजन था।

**D** वह एक ज़हरीला हलवा था।

**दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें।**

विश्व के सबसे ऊँचे पर्वतों में मध्य एशिया के 14 पर्वत हैं, जो समुद्र तल से 8000 मीटर से ज़्यादा की ऊँचाई पर हैं। इनमें सबसे ऊँचा है माउंट एवरेस्ट, जो 8,848 मीटर तक पहुँचता है। यह पर्वत, जो कि हिमालय श्रृंखला का हिस्सा है, नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित है।

बीसवीं शताब्दी के पहले भाग में, विभिन्न देशों से कई लोगों ने इस पर चढ़ने की कोशिश की, पर वे असफल रहे। अंततः 1953 में, न्यू ज़ीलैण्ड के एडमंड हिलेरी और नेपाली शेरपा तेन्जिंग नॉरगे इसके शिखर पर पहुँच गए।

1953 के बाद, कई लोगों ने पर्वतारोहण के अलग-अलग तरीकों से इसके शिखर पर पहुँचने का प्रयास किया। एक तरीका था बिना ऑक्सीजन के शिखर तक पहुँचना। यह मुश्किल माना जाता था क्योंकि पर्वत की ऊँचाई पर सिरदर्द, उलटी और मस्तिष्क में ऑक्सीजन की कमी से लोग बीमार पड़कर मर जाते थे। 1978 में रेनहोल्ड मेसनर और पीटर हेबलर, सबसे पहले व्यक्ति थे जो माउंट एवरेस्ट पर बिना ऑक्सीजन के चढ़े।

लंबे समय तक लोग माउंट एवरेस्ट पर बड़े समूहों में खूब सारा सामान लेकर चढ़े। इस तरीके को 'पोलर स्टाइल' कहा जाता था, क्योंकि उत्तर और दक्षिण ध्रुव तक खोज यात्रा पर जाने वाले लोग इस तरीके का प्रयोग करते थे। पोलर स्टाइल में पर्वतारोहण करने वाले समूह 5000 मीटर की ऊँचाई पर 'बेस कैम्प' बनाते थे। सहायक दल के सदस्य जैसे कि डॉक्टर और सामान उठाने वाले लोग, खाने-पीने के सामान के साथ कैम्प में रहते थे। पर्वतारोही बेस कैम्प से एक-एक चरण पार करते हुए शिखर तक जाते थे।

'हाइ माउंटेन स्टाइल' में, दल में कुछ ही लोग होते थे। बेस कैम्प नहीं बनाए जाते थे और पर्वतारोही कम से कम खाना लेकर चढ़ते थे। 1980 में रेनहोल्ड मेसनर इसी तरीके से शिखर तक पहुँचे थे। वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 8000 मीटर ऊँचाई वाले सभी पर्वतों पर चढ़ाई की थी। उन्हें प्रशंसापूर्वक 'सुपरमैन' बुलाया जाता था।

कहा जाता है कि जिन्होंने भी माउंट एवरेस्ट की ऊँचाइयों को पाने की कोशिश की है, उन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। जो इसका अनादर करते हैं, उन्हें यह परास्त कर देता है, और जो इसका सम्मान करते हैं, यह निष्ठुरता से उनकी परीक्षा लेता है। फिर भी माउंट एवरेस्ट को मनुष्यों की उपस्थिति से कोई फर्क नहीं पड़ता।

**48** इनमें से किस वाक्य में गद्यांश की अंतिम पंक्तियों का सार है?

**A** पर्वत उन्हें पसंद नहीं करता जो उसपर चढ़ते हैं।

**B** पर्वत उनका सम्मान करता है जो उसपर चढ़ते हैं।

**C** पर्वत उनपर कृपालु रहता है, जो उसका सम्मान करते हैं।

**D** पर्वत चढ़नेवालों को बदल देता है, पर स्वयं नहीं बदलता।

**49** 'पोलर स्टाइल' की विशेषता है ______________।

A ढेर सारा भोजन लिए हुए बड़े दल

B बहुत कम भोजन लिए हुए छोटे दल

C एक अकेला पर्वतारोही

D बिना भोजन लिए चढ़ने वाले दल

**50** माउंट एवरेस्ट सुप्रसिद्ध है क्योंकि ______________।

A यह बहुत सुंदर पर्वत है

B यह हिमालय की लंबी श्रृंखला में आता है

C यह समुद्रतल से सबसे अधिक ऊँचाई पर है

D यह तिब्बत और नेपाल की सीमा पर है

**51** रेनहॉल्ड मेसनर को 'सुपरमैन' क्यों कहा गया?

A क्योंकि उसकी लंबाई अन्य लोगों से अधिक थी

B क्योंकि उसने 8,000 मीटर ऊँचाई वाले सभी पर्वतों पर चढ़ाई की थी

C क्योंकि वह दो बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ा था

D क्योंकि वह एक छोटे दल के साथ माउंट एवरेस्ट पर चढ़ा था

**52** इस गद्यांश में, माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के कितने तरीके बताए गए हैं?

A एक

B दो

C तीन

D चार

**दी गई जानकारी को ध्यान से पढें और प्रश्नों के उत्तर दें।**




**दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा स्कूली छात्र/छात्राओं के लिए गर्मी की छुट्टियों में ग्रीष्म शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**

**पाँच दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर 18 मई 2015 से शुरू होगा**

छात्र/छात्राओं को नीचे बताए गए विषयों पर प्रशिक्षण/जानकारी दी जाएगी:
• मैन्युअल ट्रैफिक ड्रिल • यातायात नियम और सड़क सुरक्षा मानक • सड़क संकेतक, सिग्नल और सड़क चिह्न • प्राथमिक उपचार • आत्मरक्षा और आपदा प्रबंधन

| योग्यता | समय | स्थान |
|---|---|---|
| कक्षा VI से XII तक के छात्र-छात्राएँ | सोमवार से शुक्रवार, 0900 बजे से 1230 बजे तक | पश्चिमी रेंज – टीटी पार्क पंजाबी बाग<br>उत्तरी रेंज – टीटी पार्क रोशनारा बाग<br>पूर्वी रेंज – टीटी पार्क बाल भवन<br>दक्षिणी रेंज – टीटी पार्क प्रगति मैदान<br>मध्य रेंज – टीटी पार्क बी के एस मार्ग |
| **पंजीकरण प्रारम्भ** | | |
| पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर, प्रत्येक बैच में 50 छात्र रहेंगे, आप अपनी पसंद के ट्रैफ़िक ट्रेनिंग पार्क में जाकर नामांकन कराएँ | | |

**ग्रीष्म शिविर के मुख्य आकर्षण**

• निःशुल्क प्रशिक्षण
• 5वें दिन प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र
• रोज़ाना जलपान
• सड़क सुरक्षा की पुस्तिका के सेट व कैप का वितरण
• नुक्कड़ नाटक
• चित्रकला/प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
• जियोमेट्री बॉक्स के साथ एक नोटबुक

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**

**011-25845628/25845629/25844444 या 1095 या trafficrsc@gmail.com पर ई-मेल करें**

दिल्ली में किसी वस्तु/दस्तावेज़ के गुम हो जाने की रिपोर्ट के लिए 'दिल्ली पुलिस लॉस्ट रिपोर्ट' ऐप गूगल प्ले स्टोर या विंडोज़ स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर से डाउनलोड करें। वेब पर 'लॉस्ट रिपोर्ट' दर्ज कराने के लिए www.delhipolice.nic.in पर जाएँ।

दिल्ली ट्रैफ़िक पुलिस मोबाइल ऐप पर उपलब्ध है।

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

**53** पोस्टर के अनुसार, यदि कभी आपका कोई कानूनी दस्तावेज़ गुम हो जाए, तो आपको क्या करना चाहिए?

**A** सीधा पुलिस स्टेशन में जाकर पूछताछ करनी चाहिए

**B** सिर्फ़ दिल्ली पुलिस की ऐप डाउनलोड कर लेनी चाहिए

**C** दिल्ली पुलिस को इस बारे में एक ई-मेल भेजना चाहिए

**D** दिल्ली पुलिस की वेबसाईट पर 'लॉस्ट रिपोर्ट' दर्ज़ करानी चाहिए

**54** निखिल को 22 मई 2015 की रात छुट्टियाँ मनाने अपने गाँव के लिए निकलना है। क्या वह इस पूरे प्रशिक्षण में भाग ले पाएगा?

**A** नहीं, क्योंकि प्रशिक्षण उसके जाने के समय तक चलेगा।

**B** नहीं, क्योंकि प्रशिक्षण उसके जाने के अगले दिन ख़त्म होगा।

**C** हाँ, क्योंकि प्रशिक्षण उसके जाने के दिन ही ख़त्म हो जाएगा।

**D** हाँ, क्योंकि प्रशिक्षण उसके जाने के एक दिन पहले ही ख़त्म हो जाएगा।

**55** पोस्टर के अनुसार इनमें से कौन-सी बात सही है?

**A** यह पहल भारत की केन्द्रीय सरकार द्वारा की गई है।

**B** शिविर में केवल सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी और अभ्यास ही कराया जाएगा।

**C** शिविर में बच्चों के मनोरंजन के लिए सुरक्षा संबंधित बाल-फ़िल्में भी दिखाई जाएँगी।

**D** इच्छुक व्यक्ति बताए गए किसी भी ट्रेनिंग पार्क के लिए अपना नाम दर्ज़ करवा सकते हैं।

**56** शिविर का आयोजन किसके द्वारा किया जा रहा है?


**A** टीटी पार्क के कर्मचारियों द्वारा

**B** शान्ति, सेवा, न्याय संगठन द्वारा

**C** दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा

**D** नगर पालिका द्वारा

**नीचे दी गई घड़ी के रेखाचित्र में दिखाया गया है कि किस तरह एक स्कूल का बच्चा, रौनक, सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक अपना दिन बिताता है। इस के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।**




**57** स्काउट्स के तुरंत बाद, रौनक______________।

**A** अपने परिवार के साथ बातें और आराम करता है

**B** अपना गृहकार्य सावधानी से करता है

**C** भोजन विराम में स्वादिष्ट खाना खाता है

**D** घर जाकर नहाता और कपड़े बदलता है

**58** रात के 8.30 से 9 बजे के बीच, रौनक इनमें से कौन सा काम कर सकता है?

**A** अपने परिवार के छोटे सदस्यों की गृहकार्य में मदद करना

**B** अपने परिवार के सदस्यों के साथ टीवी देखना या बातें करना

**C** बिस्तर पर अकेले लेट कर संगीत सुनना और किताबें पढ़ना

**D** घर से संबंधित बचे हुए काम समाप्त करना

**59** रौनक करीब डेढ़ घंटे अपना गृहकार्य____________में बिताता है।

- **A** करना
- **B** करने
- **C** करेगा
- **D** करूँगा

**60** इस जानकारी से पता चलता है कि रौनक अपने परिवार के साथ आराम करने के बजाय पढ़ने में______________समय बिताता है।

- **A** पूरा
- **B** कम
- **C** ज़्यादा
- **D** बहुत थोड़ा

61. सूर्य पूर्व दिशा से उदित होता है।

उपर्युक्त वाक्य का प्रकार है –

A: विधिवाचक B: प्रश्नवाचक C: आज्ञावाचक D: निषेधवाचक

62. निम्नलिखित में से अव्ययीभाव समास है –

A: यथासंभव B: चरणकमल C: थोड़ा-बहुत D: नील कमल

63. विदेशी सैलानी ताजमहल देखकर ........ रह गए। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द है –

A: चौकन्ना B: उदास C: सोचते D: चकित

64. 'गिरिधर सामासिक पद में समास है -

A: बहुव्रीहि B: द्वंद C: कर्मधारय D. तत्पुरुष

65 मोहन बस से गया। वाक्य में है -

A: कर्ता कारक B: अपादान कारक C: करण कारक D: संप्रदान कारक

66. पर उपदेश कुशल बहुतेरे" का अर्थ है –

A: बिन मांगे सलाह देना B: दूसरे को उपदेश देना आसान समझना

C: बिना सोचे दूसरों की सलाह काम करना D: दूसरों की बात को शीघ्र मानना ।

67. किस वाक्य में अपादान कारक है -

A: राम ने रावण को तीर से मारा B: मोहन से अब सहा नहीं जाता

C: हिमालय से गंगा निकलती है D: चाकू से फल काटो।

68. हो सकता है राम का काम बन जाए।

अर्थ के आधार पर उपर्युक्त वाक्य है –

A: निषेधवाचक B: प्रश्न वाचक C: संदेहवाचक D: आज्ञावाचक

69. मनोयोग का सही संधि-विच्छेद है -

A: मनोः + योग B: मनः + आयोग C: मनआयो + ग D: मन: + योग

70. जो किए गए उपकारों को मानता है -

A: उपकारी B: सुपात्र C: कृपापात्र D: कृतज्ञ

# NAS 2 Practice Test  Answer Key
## Sub. – HINDI

| Ques. | Ans. | Ques. | Ans. | Ques. | Ans. | Ques. | Ans. | Ques. | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C | 16 | D | 31 | C | 46 | C | 61 | A |
| 2 | B | 17 | C | 32 | D | 47 | A | 62 | A |
| 3 | B | 18 | B | 33 | D | 48 | D | 63 | D |
| 4 | D | 19 | B | 34 | D | 49 | A | 64 | A |
| 5 | C | 20 | A | 35 | A | 50 | C | 65 | C |
| 6 | C | 21 | C | 36 | B | 51 | B | 66 | B |
| 7 | D | 22 | D | 37 | D | 52 | B | 67 | C |
| 8 | B | 23 | A | 38 | C | 53 | D | 68 | C |
| 9 | B | 24 | C | 39 | A | 54 | C | 69 | D |
| 10 | D | 25 | C | 40 | C | 55 | D | 70 | D |
| 11 | D | 26 | A | 41 | B | 56 | C | | |
| 12 | A | 27 | D | 42 | A | 57 | D | | |
| 13 | B | 28 | C | 43 | D | 58 | B | | |
| 14 | D | 29 | C | 44 | B | 59 | B | | |
| 15 | B | 30 | A | 45 | C | 60 | C | | |